शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011

दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्र. / राशिके / FLN —समग्र(शि.प्रशि.) / 2022 / 3185 भोपाल दिनांक— 11 / 5 / 2022

प्रति,

कलेक्टर—सह— सी.ई.ओ. जिला पं—सह—

जिला मिशन संचालक जिला परियोजना संचालक

**विषयः—एफ.एल.एन अंतर्गत ब्लॉक—स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण के आयोजन विषयक।**

**संदर्भः—राशिके का पत्र क्रमांक / राशिके / FLN समग्र (शिप्रशि) / 2022 / 3029, भोपाल दिनांक—02.5.2022**

जैसा कि आप जानते हैं, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (Foundational Literacy & Numeracy- FLN) स्कूली शिक्षा की नींव है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत FLN पर विशेष जोर को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में 'मिशन अंकुर' कार्यक्रम संचालित किया जाना है। 'मिशन अंकुर' के लिए कक्षा 1 तथा 2 के छात्रों हेतु नवीन अभ्यास पुस्तिकाएँ तथा शिक्षकों के पैडागाजिकल विकास हेतु शिक्षक संदर्शिका तैयार की गई है। मिशन के सफल क्रियान्वयन हेतु इन कक्षाओं को पढ़ाने वाले समस्त प्राथमिक शिक्षकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है।

उपर्युक्त प्रशिक्षण के ब्लॉक—स्तर पर आयोजन हेतु संदर्भित पत्र द्वारा प्राथमिक दिशा—निर्देश जारी किए गए थे। इन्हीं की निरन्तरता में प्रशिक्षण के आयोजन हेतु विस्तृत दिशा—निर्देश निम्नानुसार प्रसारित किए जाते हैं :

## प्रशिक्षण में प्रतिभागियों की संख्या

- संदर्भित पत्र द्वारा पूर्व में यह निर्देश दिए गए थे कि प्रत्येक शाला से केवल एक शिक्षक को प्रशिक्षण हेतु सम्मिलित किया जाए। पूर्व निर्देशों को अधिक्रमित करते हुए अब यह तय किया गया है कि ब्लाक के ऐसे समस्त शिक्षक जो कक्षा 1—2 में अध्यापन कराते हैं, उन सभी को ब्लॉक—स्तर पर प्रशिक्षित किया जाए।
- उपरोक्त बिंदु के पालन अनुसार कई शालाओं से 2 या 2 से अधिक शिक्षक प्रशिक्षण में सम्मिलित होंगे। ऐसी शालाओं के 1 शिक्षक को पहले के चरणों में प्रशिक्षित किया जाए एवं अन्य शिक्षकों को अंतिम चरण हेतु रखा जाए।
- **कक्षा 1—2 में अध्यापन कराने वाले अतिथि शिक्षकों को अंतिम चरण में प्रशिक्षित किया जाए ।**
- **समस्त जनशिक्षक भी अपनी सुविधानुसार किसी भी एक बैच में अनिवार्यतः 5 दिवसीय पूर्णकालिक प्रशिक्षण में भाग लेंगे।**

## प्रशिक्षण की कार्ययोजना

- ब्लॉक–स्तरीय प्रशिक्षण के विभिन्न चरणों हेतु सुझावात्मक तिथियां निम्नानुसार है –

  प्रथम चरण : 18 मई – 22 मई

  दूसरा चरण : 24 मई – 28 मई

  तीसरा चरण : 30 मई – 3 जून

  चौथा चरण : 5 जून – 9 जून

  पांचवा चरण : 10 जून – 14 जून

- जिन जिलों के मास्टर ट्रेनर्स हेतु भोपाल में प्रशिक्षण के लिए तिथियां 17–21 मई नियत है, उनमें ब्लॉक–स्तरीय प्रशिक्षण द्वितीय चरण (24 मई – 28 मई) से प्रारम्भ होगा।
- ब्लॉक द्वारा प्रयास किए जाए कि उपरोक्तानुसार पहले चार चरणों की तिथियों में ही प्रशिक्षण संपन्न हो जाए। तथापि ब्लॉक में शिक्षकों की संख्या अत्यधिक होने की दशा में 10–14 जून में भी प्रशिक्षण आयोजित किया जाना चाहिए ।
- **सामान्यतः एक चरण मे ब्लॉक में 2–2 बैच संचालित किए जाएं। किन्तु ऐसे ब्लॉक जहाँ प्रतिभागियों की संख्या अधिक होने के कारण चरणवार 2–2 बैच से 14 जून तक प्रशिक्षण संपन्न कराना संभव न हो, वहाँ प्रत्येक चरण में 3–3 बैच संचालित किए जा सकते हैं। (इस हेतु अतिरिक्त मास्टर ट्रेनर्स की उपलब्धता के लिए केवल ऐसे ब्लाक 2–2 अतिरिक्त मास्टर ट्रेनर्स को 17–21 मई के राज्य–स्तरीय प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु भोपाल भेज सकते हैं।)**

## बैच की संरचना

- सामान्यत एक बैच में 35 से 40 शिक्षकों को रखा जाए। विशेष परिस्थितियों में बैच में अधिकतम 45 शिक्षक रखे जा सकते हैं। किन्तु **किसी भी परिस्थिति में बैच में 45 से अधिक शिक्षक प्रतिभागी नहीं होंगे।**
- ***उदाहरण यदि ब्लॉक में प्रशिक्षण हेतु प्रतिभागियों की कुल संख्या 252 हो, तो 42–42 के 6 बैच बनाने चाहिए। लेकिन यदि प्रतिभागियों की कुल संख्या 288 हो, तो 48–48 के 6 बैच नहीं बनाना है – इस स्थिति में बैच साइज कम करते हुए 41–41 के 6 बैच तथा 42 प्रतिभागियों का 1 बैच, ऐसे कुल 7 बैच बनाने चाहिए।***

## प्रशिक्षण का पर्यवेक्षण

- जिले में ब्लॉक–स्तरीय प्रशिक्षणों की श्रृंखला प्रारंभ होने के पूर्व डाईट में सभी BRCs, BACs, मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय उन्मुखीकरण अनिवार्य रूप से आयोजित किया जाए।

- ब्लॉक–स्तरीय प्रशिक्षण के इन दिशा निर्देशों के अनुरूप सार्थक आयोजन हेतु संपूर्ण उत्तरदायित्व BRCC का होगा। इन प्रशिक्षणों हेतु BRCC ही SPoC (Single Point of Contact) होंगे तथा राज्य शिक्षा केन्द्र से सभी आयामों पर समय–समय पर जानकारी/प्रतिवेदन BRCC से आहूत किए जायेंगे।
- प्रशिक्षण की अकादमिक गुणवत्ता के सुधार के लिए सहयोग हेतु डाईट द्वारा ब्लॉक–वार ब्लॉक प्रभारियों को दायित्व सौंपा जाए।
- राज्य–स्तर से प्रशिक्षित डाईट फैकल्टी एवं ए.पी.सी अकादमिक समस्त ब्लॉक में प्रशिक्षण की गुणवत्ता का पर्यवेक्षण करेंगे तथा प्रत्येक बैच के साथ 1–1 दिवस उपस्थित रहेंगे। उदाहरण के तौर पर यदि किसी जिले में 5 ब्लॉक है तथा प्रत्येक ब्लॉक में 2–2 बैच के मान से कुल 10 बैच है, तो ए.पी.सी अकादमिक 5 बैच में 1–1 दिवस तथा डाईट फैकल्टी अन्य 5 बैच में 1–1 दिवस उपस्थित रहेंगे। जिलें में ब्लॉक अधिक होने पर प्रत्येक बैच में आधा–आधा दिन उपस्थित होंगे।
- **प्रशिक्षण के सुगम संचालन हेतु राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा गूगल फार्म तैयार कर SSA MP वाट्सएप ग्रुप पर साझा किया जा रहा है। यह BRCC का दायित्व होगा कि प्रत्येक बैच एवं प्रत्येक शिक्षक प्रतिभागी से वांछित जानकारी गूगलफार्म में भरना सुनिश्चित कराएं।**

## वित्तीय प्रावधान

- 5 दिवसीय प्रशिक्षण में पूर्ण उपस्थिति के साथ भाग लेने पर प्रत्येक शिक्षक प्रतिभागी को 300/- रूपये भोजन हेतु एवं 300/- रुपये टी.ए. के रूप मे इस प्रकार कुल 600/– रुपये सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाएंगे।
- मास्टर ट्रेनर्स को मानदेय प्रति प्रशिक्षण दिवस 1,000/- रूपये मान से देय होगा।
- प्रशिक्षण के लिए संलग्न सूचि अनुसार TLM, प्रतिभागियों हेतु पेन, नोटपैड, अन्य स्टेशनरी के लिए प्रति प्रतिभागी 100/- रुपये के मान के BRCC को प्रदाय किया जाएगा। BRCC प्रशिक्षण के पंजीयन सत्र के समय यह सामग्री मास्टर ट्रेनर्स को सौंपना सुनिश्चित करें।
- प्रशिक्षण स्थल हेतु पर कूलर, कुर्सी, गद्दे, शीतल पेयजल हेतु पर्याप्त संख्या में बड़े मटके, साफ–सफाई इत्यादि समस्त प्रबंधकीय व्यय हेतु प्रति बैच 12,000/- (बारह हजार रुपये) Lumpsum के मान से आवंटन BRCC को प्रदाय किया जाएगा।

प्रशिक्षण के लिए एलसीडी प्रोजेक्टर अथवा बड़ी साईज के स्मार्ट टी.वी. की आवश्यकता होगी। इसकी व्यवस्था BRCC कार्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय एवं ब्लॉक–स्तर पर उपलब्ध अन्य किसी शासकीय कार्यालय

से की जाएं। अपवादात्मक परिस्थिति में ब्लॉक में अनुपलब्धता की दशा में एलसीडी प्रोजेक्टर किराये पर लिया जाए, जिसके लिए प्रति बैच अधिकतम 8,000/- (आठ हजार रुपये) के मान से BRCC को राशि प्रदाय की जाएगी। **आपसे अपेक्षा है कि इस महत्वाकांक्षी FLN मिशन को सफल बनाने हेतु जिला स्तर पर नेतृत्व प्रदान करते हुए उपरोक्तानुसार समस्त कार्यवाही समय–सीमा में संपादित कर हुए 14 जून, 2022 तक कक्षा 1–2 में अध्यापन कराने वाले समस्त प्राथमिक शिक्षकों को ब्लॉक स्तर पर एफ.एल.एन प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना सुनिश्चित करें।** प्रशिक्षण संबंधी किसी भी पृच्छा के लिए श्री लोकेश खरे, मोबाईल नंबर 9425474794 से संपर्क किया जा सकता है।

संलग्नः–टीएलएम की सूची

(धनराजू एस.) 11/05/2022
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र

पृ.क्र/राशिके/FLN –समग्र(शि.प्रशि.)/2022/ 3186 भोपाल, दिनांक 11.5.22

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग म0प्र0 शासन भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. आयुक्त आदिम जाति कल्याण विकास विभाग भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण समस्त संभाग की ओर सूचनार्थ।
5. नियंत्रक पाठ्यक्रम राशिके की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. डॉ. लोकेश खरे एफ.एल.एन प्रभारी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की ओर सूचनार्थ।
7. जिला शिक्षा अधिकारी समस्त जिलों की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. डाईट प्राचार्य, समस्त जिलों की ओर सूचनार्थ।
9. जिला परियोजना समन्वयक, समस्त जिलों की ओर सूचनार्थ।
10. आईसीटी कक्ष की ओर पत्र पोर्टल पर अपलोड करने विषयक।

11/05/2022
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र

संलग्नक "अ"

# टी.एल.एम. एवं इंफ्रास्ट्रक्चर सूची

| Materials | Items | Qty {per batch } |
|---|---|---|
| Basic Stationery Items | Double sided tapes - Big | 2 |
| | Fevicol/ Glue - Small | 5 |
| | Chart Papers- Multi-colour | 20 |
| | Origami Paper - 5 pack set | 1 |
| | Sketch Pens (1 Packet per 5 member group) | 10 |
| | Whiteboard markers - (black) | 2 |
| | Scissors, small | 4 |
| | Staplers | 1 |
| | Stapler pins - small box | 2 |
| | Cello tapes - Big | 2 |
| | Paper cutter | 2 |
| | A4 paper Reams - 500 page set | 2 |
| Training Room Infrastructure | Projector system | 1 |
| | Whiteboard | 1 |
| | Whiteboard dusters | 1 |
| | Laptop/ Computer | 1 |
| | Internet – dongle/WIFI | 1 |
| | Speaker/Mic set | 1 |
| | HDMI Cable | 1 |

*उपरोक्त के अतिरिक्त प्रत्येक शिक्षक प्रतिभागी को एक उच्च गुणवत्ता का बॉलपेन,पेन्सिल तथा एक बड़ी नोटबुक / नोटपैड उपलब्ध कराया जाए।